प्रारूप.— 11

# NOTE FOR JUSTIFICATION

कार्य का नाम :— राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना में मैगाधार – आली – सरुणा मोटर मार्ग का चौंरा करखेडी,कोट,घणातगांव होते हुए चांजी तक विस्तारीकरण कार्य का स्टील गर्डर सेतु सहित नव निर्माण कार्य। (मार्ग के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव। (लम्बाई– 10.450 + 2 न0 सेतु)

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग ग्राम– आली,मुण्डेती,सरुणा,चौंरा,करखेडी,कोट,घणातगांव एंव चांजी से होकर गुजरता है, जिनकी आबादी लगभग 4094 है। यह मार्ग मैगाधार – आली – सरुणा मोटर मार्ग के कि0मी0–3 से प्रारम्भ तथा ग्रामसभा– चांजी पर समाप्त होता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामसभा– चौंरा,करखेडी,कोट,घणातगांव व चांजी के ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। मोटर मार्ग चांजी नामक स्थान पर समाप्त हो रहा है। उक्त स्थान पूर्व में ही धमातोली–चांजी मोटर मार्ग, कठूड–चांजी मोटर मार्ग एंव कोटी–जाख–डखवाणगांव–गनवाडी–चांजी मोटर मार्ग से जुडा है। अतः यह मोटर मार्ग बाईपास के रूप में भी कार्य करेगा एवं क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा।

दोनो समरेखण नाप भूमि,सिविल सोयम भूमि एंव आरक्षित वन भमि से होकर गुजर रहे है प्रथम संमरेखण को चयनित करने का कारण यह है कि द्वितीय समरेखण के सापेक्ष प्रथम संमरेखण में वन भूमि कि लंबाई कम पढ रही है साथ ही आरक्षित वन भूमि में मोटर मार्ग के निर्माण का कारण यह भी है कि मोटर मार्ग के निर्माण के फल स्वरूप वन विभाग के कर्मचारियों को भी वनों की सुरक्षा हेतू कोई कठिनाई नहीं होगी अन्य वैकल्पिक भूमि न होने के कारण समरेखण नाप भूमि,आरक्षित वन भूमि एंव सिविल भूमि से होकर गुजरता है। समरेखण के अन्तर्गत कोई मकान, मन्दिर, मस्जिद एंव कब्रिस्तान का भाग नही पडता है।

उक्त मोटर मार्ग की लम्बाई 10.050 कि0मी0 है तथा मार्ग की चौडाई नाप भूमि में 9.00 मी0 तथा आरक्षित वन भूमि व सिविल भूमि में 7.00 मी0 ली गई है। मार्ग के निर्माण में **0.770 हे0** आरक्षित वन भूमि, **3.640 हे0** सिविल भूमि एंव **3.375 हे0** नाप भूमि प्रभावित होती है। उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु निम्नतम समरेखणो पर विचार किया गया है।

**समरेखण नं0:– 1** इस समरेखण के अनुसार यह नव निर्मित मोटर मार्ग जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना में मैगाधार – आली – सरुणा मोटर मार्ग के कि0मी0–3 (चैनेज–2/40) से प्रारम्भ तथा ग्रामसभा– चांजी पर समाप्त पर समाप्त होता है। मार्ग की लम्बाई 10.050 कि0मी0 है। इस समरेखण में 04 हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है। समरेखण का अधिकतर भाग वन क्षेत्र, सिविल सोयम एंव नाप भूमि से होकर गुजर रहा हैं साथ ही तकनीकी दृष्टि एवं मानको के अनुसार मोटर मार्ग का ग्रेड भी रखा गया है जिससे मोटर मार्ग के निर्माण से अधिकाधिक आबादी भी लाभान्वित होगी इसके अनुसार मोटर मार्ग की लम्बाई भी कम आती है साथ ही इस समरेरखण से समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत है।

प्रभागीय वनाधिकारी
टिहरी वन प्रभाग
नई टिहरी

**समरेखण नं0:– 2** इस समरेखण के अनुसार यह नव निर्मित मोटर मार्ग जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना में मैगाधार – आली – सरुणा मोटर मार्ग के कि0मी0–3 (चैनेज–2/40) से प्रारम्भ तथा ग्रामसभा– चांजी पर समाप्त पर समाप्त होता है। मार्ग की लम्बाई 10.050 कि0मी0 है। इस समरेखण में 04 हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है समरेखण की लम्बाई अधिक होने के कारण तथा समरेखण का अधिकतर भाग वन क्षेत्र, सिविल सोयम एंव नाप भूमि से होकर गुजर रहा हैं साथ ही मार्ग का कुछ भाग कच्ची भूमि से होकर भी गुजरता है। इस समरेखण में मोटर मार्ग के निर्माण के फलस्वरूप वृक्ष, कृषि योग्य भूमि अधिक प्रभावित होगी। इस समरेखण से समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत नहीं है।

Singh
JE

AE

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0
घनसाली
EE